# हरेक को NYC में स्वास्थ्य देखभाल सेवाएं मिल सकती है:

## *न्यूयॉर्क के प्रवासियों के लिए प्रायः पूछे जाने वाले प्रश्न*

न्यूयॉर्क के हर नागरिक को उसके प्रवास की स्थिति या भुगतान करने के सामर्थ्य पर ध्यान दिए बिना, बढ़िया स्वास्थ्य देखभाल का अधिकार प्राप्त है। अपनी और अपने परिवार की देखभाल करें, तथा अपनी जरुरत के अनुसार स्वास्थ्य देखभाल सेवाएं प्राप्त करें। न्यूयॉर्क के सभी नागरिकों के लिए उनके प्रवास की स्थिति पर ध्यान दिए बिना, स्वास्थ्य देखभाल तथा सोशल सर्विसेज सहित अनेक नगरीय सेवाएं उपलब्ध हैं।



## स्वास्थ्य बीमा

### मैं किस स्वास्थ्य बीमा प्लानों के लिए साइन अप कर सकता/सकती हूँ?

न्यूयॉर्क के प्रवासी नागरिकों को बीमा संबंधी अनेक विकल्प प्राप्त हैं। न्यूयॉर्क राज्य में बच्चे स्वास्थ्य बीमा प्राप्त कर सकते हैं, भले ही उनके पास दस्तावेज न हों। NYC के स्वास्थ्य एवं मानसिक स्वास्थ्य विभाग (NYC Department of Health and Mental Hygiene) (NYC स्वास्थ्य विभाग) में प्रमाणित आवेदन सलाहकार हैं, जो यह पता लगाने में आपकी मदद कर सकते हैं कि क्या आप पात्र हैं तथा स्वास्थ्य बीमा के लिए कैसे साइन अप करना है। अधिक जानकारी के लिए, **311** पर कॉल करें, 877-877 पर "CoveredNYC" टेक्स्ट करें या nyc.gov/health/healthcoverage पर जाएं।

यदि आप NYC Health + Hospitals में जा रहे हों, तो स्वास्थ्य बीमा कराने में आपकी सहायता करने के लिए किसी वित्तीय सलाहकार के बारे में पूछें। याद रखें, आपको लिखित अनुवादों और आमने-सामने या टेलीफोन इंटरप्रेटेशन सहित, अपनी पसंदीदा भाषा में सेवाएं प्राप्त करने का अधिकार है।

## NYC CARE

### मैं स्वास्थ्य बीमा के लिए पात्र नहीं हूँ। मैं स्वास्थ्य देखभाल सेवाएं कैसे प्राप्त कर सकता/सकती हूँ?

NYC Care ऐसा स्वास्थ्य देखभाल पहुँच कार्यक्रम है, जो न्यूयॉर्क के उन निवासियों को सस्ती और मुफ्त सेवाएं उपलब्ध कराता है, जो स्वास्थ्य बीमा नहीं करा सकते हैं अथवा इसका भुगतान नहीं कर सकते। NYC Care कोई स्वास्थ्य बीमा प्लान **नहीं** है। फिर भी, यदि आपके पास NYC Care है, तो आप स्वास्थ्य देखभाल सेवाओं तक पहुँच प्राप्त करने, अपना स्वयं का स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता चुनने तथा सस्ती दवाएं प्राप्त करने के लिए सदस्यता कार्ड प्राप्त कर सकते/सकती हैं। NYC Health + Hospitals, NYC Care की सभी सेवाएं उपलब्ध कराता है।

### NYC Care में कितना खर्च आता है? मैं NYC Care के लिए कैसे साइन अप करूँ?

NYC Care की स्वास्थ्य सेवाएं आपके परिवार के आकार तथा आय के आधार पर या तो सस्ती हैं अथवा मुफ्त हैं। NYC Care के लिए साइन अप करने के लिए, 646-NYC-CARE (646-692-2273) पर कॉल करें या किसी भी NYC Health + Hospitals स्थल पर वित्तीय सलाहकार से मुलाकात करने का अनुरोध करें। अधिक जानकारी के लिए nyccare.nyc पर जाएं।

## न्यूयॉर्क के जिन नागरिकों के पास स्वास्थ्य बीमा नहीं है, उनके लिए आपातकालीन देखभाल

### मेरा स्वास्थ्य बीमा नहीं है लेकिन मुझे आपातकालीन देखभाल की जरूरत है। मैं इसका भुगतान कैसे करूँ?

किसी आपातस्थिति के दौरान Emergency Medicaid स्वास्थ्य देखभाल सेवाओं का भुगतान करने में न्यूयॉर्क के दस्तावेज-रहित कम आय वाले और अस्थायी प्रवासियों की सहायता करता है। न्यूयॉर्क के ऐसे प्रवासी नागरिक जो Emergency Medicaid के पात्र हैं, अपने चिकित्सा प्रदाता के यहाँ जाने तथा दवाओं जैसी गैर-आपातकालीन सेवाओं के खर्च पूरे करने के लिए NYC Care के भी पात्र हो सकते हैं।

आप किसी भावी आपातकाल की स्थिति में किसी भी समय Emergency Medicaid के लिए साइन अप कर सकते/सकती हैं। यदि आप NYC Health + Hospitals में जा रहे/रही हैं, तो किसी वित्तीय सलाहकार के बारे में पूछें जो साइन अप करने में आपकी सहायता कर सकता है। आप अपने प्रवास की स्थिति या भुगतान करने के सामर्थ्य पर ध्यान दिए बिना, NYC के किसी भी अस्पताल में आपातकालीन देखरेख प्राप्त कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए, **311** पर कॉल करें या 877-877 पर “CoveredNYC” टेक्स्ट करें।

## सार्वजनिक प्रभार

### सार्वजनिक प्रभार नियम क्या है? क्या इसका अब भी उपयोग किया जा रहा है?

अगस्त 2019 में, ट्रम्प प्रशासन ने एक नए सार्वजनिक प्रभार नियम की घोषणा की। इस नियम ने प्रवासियों को तब ग्रीन कार्ड या वीज़ा प्राप्त करने से रोकने का प्रयास किया यदि उन्होंने कुछ खास सार्वजनिक लाभों – जैसे Medicaid, भोजन सहायता, या आवास सहायता का उपयोग किया हो — या केन्द्रीय सरकार के विचार में उनकी भविष्य में सार्वजनिक लाभों पर निर्भर होने की संभावना हो। परंतु, ट्रम्प प्रशासन का सार्वजनिक प्रभार नियम समाप्त हो चुका है। 9 मार्च, 2021 की स्थिति के अनुसार, अमेरीकी देश सुरक्षा विभाग (U.S. Department of Homeland Security) ने कहा कि यह उन नीतियों का उपयोग फिर से चालू करेगा, जो अगस्त 2019 से पहले लागू थीं। अधिक तथा नवीनतम जानकारी के लिए, nyc.gov/publiccharge पर जाएं।

### मुझे कैसे पता चलेगा कि क्या सार्वजनिक प्रभार नियम मुझ पर लागू होता है?

यदि सार्वजनिक प्रभार के बारे में आपके कोई प्रश्न हों, तो सोमवार से शुक्रवार तक, सुबह 9 बजे से शाम 6 बजे तक ActionNYC की हॉटलाइन को 800-354-0365 पर कॉल करें, तथा नगर द्वारा वित्तपोषित, मुफ्त एवं सुरक्षित प्रवास कानूनी सहायता के संबंध में समयोचित एवं विश्वस्त जानकारी तथा संपर्क प्राप्त करने के लिए “public charge” (“सार्वजनिक प्रभार”) कहें। यह हॉटलाइन मुफ्त तथा गुमनाम है, तथा सहायता 200 से अधिक भाषाओं में उपलब्ध है।

## प्रवास का प्रवर्तन तथा स्वास्थ्य देखभाल तक पहुँच

### मैं ऐसा प्रवासी हूँ जिसके पास कोई दस्तावेज नहीं है। क्या मेरा प्रदाता प्रवास एवं सीमा-शुल्क प्रवर्तन (Immigration and Customs Enforcement, ICE) जैसे संघीय प्रवास प्राधिकरणों में मेरी रिपोर्ट कर सकता है?

प्रदाताओं को उनके रोगियों के प्रवास की स्थिति पर ध्यान दिए बिना, उनकी निजता की सुरक्षा करनी होगी। अस्पताल और क्लिनिक रोगी की मंज़ूरी के बिना रोगी की जानकारी साझा नहीं करते, जब तक कि ऐसा करना कानून द्वारा अपेक्षित न हो। इस संबंध में और जानकारी के लिए कि प्रदाता, प्रवासियों की निजता की सुरक्षा कैसे करते हैं, nychealthandhospitals.org/immigrant पर जाएं तथा H+H की Open Letter to Immigrant New Yorkers (न्यूयॉर्क के प्रवासी नागरिकों को संबोधित खुला पत्र) पढ़ें।

### यदि ICE के अधिकारी अस्पताल में आ जाएं, तो मुझे क्या करना चाहिए?

आपको ICE से बात नहीं करनी है। यदि ICE का कोई अधिकारी किसी निजी क्षेत्र, जैसे आपके अस्पताल के कमरे में दाखिल होने का प्रयास करता है, तो आपको दरवाजा बंद रखने और यह पूछने का अधिकार प्राप्त है कि क्या उसके पास अदालती वारंट है। अदालती वारंट, न्यायालय से जारी किया गया ऐसा कानूनी दस्तावेज होता है, जिस पर न्यायाधीश के हस्ताक्षर होते हैं, जिससे किसी व्यक्ति या व्यक्ति-समूह को कुछ करने की अनुमति मिलती है। अधिक जानकारी के लिए nyc.gov/immigrants पर जाएं तथा **know your rights** (अपने अधिकारों को जानें) खोजें। यदि ICE का कोई अधिकारी आपको अथवा आपके किसी प्रियजन को नजरबंद करता है, तो आप मुफ्त एवं सुरक्षित कानूनी सहायता प्राप्त करने के लिए त्वरित कार्रवाई कानूनी सहयोग (Rapid Response Legal Collaborative) को 800-354-0365 पर कॉल कर सकते हैं।